# Parvati Chalisa Lyrics in Hindi English

## Parvati Chalisa Lyrics in Hindi

॥ दोहा ॥
जय गिरी तनये दक्षजे, शम्भू प्रिये गुणखानि ।
गणपति जननी पार्वती, अम्बे ! शक्ति ! भवानि ॥

॥ चौपाई ॥
ब्रह्मा भेद न तुम्हरो पावे । पंच बदन नित तुमको ध्यावे ॥

षड्मुख कहि न सकत यश तेरो । सहसबदन श्रम करत घनेरो ॥

तेऊ पार न पावत माता । स्थित रक्षा लय हिय सजाता ॥

अधर प्रवाल सदृश अरुणारे । अति कमनीय नयन कजरारे ॥

ललित ललाट विलेपित केशर । कुंकुम अक्षत शोभा मनहर ॥

कनक बसन कंचुकि सजाए । कटी मेखला दिव्य लहराए ॥

कंठ मदार हार की शोभा । जाहि देखि सहजहि मन लोभा ॥

बालारुण अनंत छबि धारी । आभूषण की शोभा प्यारी ॥

नाना रत्न जड़ित सिंहासन । तापर राजति हरि चतुरानन ॥

इन्द्रादिक परिवार पूजित । जग मृग नाग यक्ष रव कूजित ॥

गिर कैलास निवासिनी जय जय । कोटिक प्रभा विकासिनी जय जय ॥

त्रिभुवन सकल कुटुंब तिहारी । अणु अणु महं तुम्हारी उजियारी ॥

हैं महेश प्राणेश तुम्हारे । त्रिभुवन के जो नित रखवारे ॥

उनसो पति तुम प्राप्त कीन्ह जब । सुकृत पुरातन उदित भए तब ॥

बूढ़ा बैल सवारी जिनकी । महिमा का गावे कोउ तिनकी ॥

सदा श्मशान बिहारी शंकर । आभूषण हैं भुजंग भयंकर ॥

कण्ठ हलाहल को छबि छायी । नीलकण्ठ की पदवी पायी ॥

देव मगन के हित अस किन्हो । विष लै आपु तिनहि अमि दिन्हो ॥

ताकी तुम पत्नी छवि धारिणी । दुरित विदारिणी मंगल कारिणी ॥

देखि परम सौंदर्य तिहारो । त्रिभुवन चकित बनावन हारो ॥

भय भीता सो माता गंगा । लज्जा मय है सलिल तरंगा ॥

सौत समान शम्भू पहआयी । विष्णु पदाब्ज छोड़ि सो धायी ॥

तेहि कों कमल बदन मुरझायो । लखी सत्वर शिव शीश चढ़ायो ॥

नित्यानंद करी बरदायिनी । अभय भक्त कर नित अनपायिनी ॥

अखिल पाप त्रयताप निकन्दिनी । माहेश्वरी हिमालय नन्दिनी ॥

काशी पुरी सदा मन भायी । सिद्ध पीठ तेहि आपु बनायी ॥

भगवती प्रतिदिन भिक्षा दात्री । कृपा प्रमोद सनेह विधात्री ॥

रिपुक्षय कारिणी जय जय अम्बे । वाचा सिद्ध करि अवलम्बे ॥

गौरी उमा शंकरी काली । अन्नपूर्णा जग प्रतिपाली ॥

सब जन की ईश्वरी भगवती । पतिप्राणा परमेश्वरी सती ॥ 30

तुमने कठिन तपस्या कीनी । नारद सों जब शिक्षा लीनी ॥

अन्न न नीर न वायु अहारा । अस्थि मात्रतन भयउ तुम्हारा ॥

पत्र घास को खाद्य न भायउ । उमा नाम तब तुमने पायउ ॥

तप बिलोकी ऋषि सात पधारे । लगे डिगावन डिगी न हारे ॥

तब तब जय जय जय उच्चारेउ । सप्तऋषि निज गेह सिद्धारेउ ॥

सुर विधि विष्णु पास तब आए । वर देने के वचन सुनाए ॥

मांगे उमा वर पति तुम तिनसों । चाहत जग त्रिभुवन निधि जिनसों ॥

एवमस्तु कही ते दोऊ गए । सुफल मनोरथ तुमने लए ॥

करि विवाह शिव सों भामा । पुनः कहाई हर की बामा ॥

जो पढ़िहै जन यह चालीसा । धन जन सुख देइहै तेहि ईसा ॥ 40

॥ दोहा ॥
कूटि चंद्रिका सुभग शिर, जयति जयति सुख खानि
पार्वती निज भक्त हित, रहहु सदा वरदानि ।
॥ इति श्री पार्वती चालीसा ॥

## Parvati Chalisa Lyrics in English

Dohā
Jay Girī Tanaye Dakṣaje, Śambhū Priye Guṇkhānī.
Gaṇapati Jananī Pārvatī, Ambe! Śakti! Bhavānī.

Chaupāī
Brahmā Bhed Na Tumharo Pāve, Panch Badan Nit Tumko Dhyāve.
Shaḍmukh Kahin Na Sakat Yash Tero, Sahasbandan Shram Karat Gherero.

Teu Pār Na Pāvata Mātā, Sthit Rakṣā Lay Hiy Sajātā.
Adhar Pravāla Sadṛś Aruṇārē, Ati Kamnīya Nayan Kajrārē.

Lalit Lalāt Vilepit Kēśar, Kuṅkuma Akṣata Śobhā Manahara.
Kanak Vasana Kañcukī Sajāē, Kaṭī Mekhalā Divya Laharāē.

Kaṅṭha Madār Hār Kī Śobhā, Jāhi Dekhi Sahajahi Man Lobhā.
Bālārūṇa Ananta Chabhi Dhārī, Ābhūṣaṇa Kī Śobhā Pyārī.

Nāna Ratna Jaḍita Siṅghāsana, Tāpar Rājati Hari Chaturānan.
Indrādika Parivār Pūjit, Jag Mṛga Nāga Yakṣa Rav Kūjit.

Gir Kailās Nivāsinī Jay Jay, Koṭik Prabhā Vikāsinī Jay Jay.
Tribhuwan Sakal Kuṭumb Tihārī, Aṇu Aṇu Mahān Tumhārī Ujiyārī.

Hai Mahesh Prāneś Tumhārē, Tribhuwan Ke Jo Nit Rakṣwārē.
Unso Pati Tum Prapt Kīnh Jab, Sukṛt Purātan Udit Bhay Tab.

Būḍhā Bail Savārī Jinkī, Mahimā Kā Gāvē Ko Tinī Kī.
Sadā Śmaśān Vihārī Śaṅkar, Ābhūṣaṇa Hai Bhujang Bhayaṅkar.

Kaṇṭha Halāhal Ko Chhabī Chhāyī, Nīlakaṇṭh Kī Padvī Pāyī.
Dev Magan Ke Hit As Kinḥo, Viṣ Lāi Āp Tinahi Amī Dinho.

Tākī Tum Patnī Chabhi Dhāriṇī, Durit Vidāriṇī Maṅgal Kāriṇī.
Dekhi Param Saundarya Tihāro, Tribhuwan Chakit Banāvan Hāro.

Bhay Bhītā So Mātā Gaṅgā, Lajjā May Hai Salil Taraṅgā.
Saut Samān Śambhū Pahāī, Viṣṇu Padābja Chhodī So Dhāī.

Tehi Ko Kamal Badan Murjāyo, Lakhi Sattvar Śiva Śīś Chaḍāyo.
Nityānand Karī Baradāyinī, Abhay Bhakt Kar Nit Anapāyinī.

Akhil Pāp Trayatāp Nikandini, Māheśwarī Himālay Nandinī.
Kāśī Purī Sadā Man Bhāī, Siddh Pīṭh Tehi Āp Banāī.

Bhagavatī Pratidin Bhikṣā Dātrī, Kripā Pramod Sneh Vidhātrī.
Ripukṣay Kāriṇī Jay Jay Ambe, Vācā Siddh Karī Avalambe.

Gaurī Umā Śaṅkarī Kālī, Annapūrṇā Jag Pratipālī.
Sab Jan Ki Īśvarī Bhagavatī, Patiprāṇā Parameśwarī Satī.

Tumne Kaṭhin Tapasyā Kīnī, Nārad Son Jab Śikṣā Līnī.
Anna Na Nīr Na Vāyu Āhārā, Asthi Mātratana Bhayū Tumhārā.

Patra Ghās Ko Khādya Na Bhāyo, Umā Nāma Tab Tumne Pāyo.
Tap Bilokī Ṛṣi Sāt Padhārē, Lage Digāvan Digī Na Hārē.

Tab Tab Jay Jay Jay Uchāreū, Saptṛṣhi Nija Geha Siddhārēū.
Sur Vidhi Viṣṇu Pās Tab Āye, Var Denē Ke Vachan Sunāye.

Māṅgē Umā Var Pati Tum Tinso, Chāhat Jag Tribhuwan Nidhi Jinso.
Evamastu Kahī Te Dōū Gaye, Sufal Manorath Tumne Laye.

Karī Vivāh Śiva Son Bhāmā, Punaḥ Kahāī Har Kī Bhāmā.
Jo Paṛhe Jan Yah Chālīsā, Dhan Jan Sukh Deīhai Tehi Īsā.

Dohā
Kūṭi Candrikā Subhag Śir, Jayati Jayati Sukh Khānī
Pārvatī Nija Bhakta Hit, Rahu Sada Varadāni.
Iti Shri Pārvatī Chālīsā.

## About Parvati Chalisa in English

The Parvati Chalisa is a devotional hymn dedicated to Goddess Parvati, the consort of Lord Shiva and the mother of Lord Ganesha and Lord Kartikeya. Goddess Parvati is revered as the divine mother who embodies love, fertility, and devotion. The Chalisa consists of 40 verses (Chaupais) that praise her divine qualities and recount her auspicious powers.

This hymn extols Goddess Parvati's benevolence, her grace, and her role as a protector of her devotees. It describes her divine appearance, her symbolic associations, and her influence in the spiritual and material worlds. The verses highlight her various forms such as Durga, Kali, and Annapurna, emphasizing her multifaceted nature.

By reciting the Parvati Chalisa, devotees seek her blessings for strength, wisdom, and peace. The hymn encourages the practitioner to remain dedicated to spiritual practices, surrender to the divine mother, and follow the righteous path. The recital of this Chalisa is believed to help remove obstacles, ward off negative energies, and fulfill desires.

The Parvati Chalisa is a powerful prayer, uplifting the soul and providing protection from hardships. It serves as a means of spiritual connection with Goddess Parvati, inviting her divine presence into one's life.

## About Parvati Chalisa in Hindi

पार्वती चालीसा माता पार्वती की महिमा का वर्णन करने वाली एक महत्वपूर्ण भक्ति रचना है। माता पार्वती, जो भगवान शिव की पत्नी और भगवान गणेश और भगवान कार्तिकेय की माता हैं, को शक्तिशाली, दयालु और करुणामयी देवी माना जाता है। यह चालीसा 40 छंदों (चौपाई) में माता पार्वती के गुणों, रूपों और शक्तियों का वर्णन करती है।

पार्वती चालीसा में माता के विभिन्न रूपों जैसे दुर्गा, काली, अन्नपूर्णा आदि का उल्लेख किया गया है, जो उनकी बहुमुखी शक्तियों और कार्यों को दर्शाते हैं। चालीसा में यह बताया गया है कि माता पार्वती अपने भक्तों के संकटों को दूर करने वाली, शक्ति और साहस की देवी हैं। इसके माध्यम से भक्त उन्हें अपने जीवन में आशीर्वाद और सुरक्षा के लिए आह्वान करते हैं।

पार्वती चालीसा का पाठ करने से जीवन में सुख, समृद्धि और शांति की प्राप्ति होती है। यह विशेष रूप से उन भक्तों के लिए फायदेमंद है जो अपनी मेहनत में सफलता पाना चाहते हैं या किसी कठिनाई से गुजर रहे हैं। यह चालीसा भक्तों को सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करती है और उनके जीवन के कष्टों को कम करने में मदद करती है।